दिनांक : 05/07/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साणंद में सेमीकंडक्टर संयोजन और जांच केंद्र का उद्घाटन किया, भारत की ज़बरदस्त इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का अगला कदम बताया।
2. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शिवपुरी में ढाई हजार करोड़ की लागत वाले अत्याधुनिक रक्षा संयंत्र का शिलान्यास करेंगे।
3. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा देश का रक्षा निर्यात 38 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा।
4. प्रदेश में मूसलाधार बारिश से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित।

---

**प्रधानमंत्री सेमीकंडक्टर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल गुजरात के साणंद में अत्याधुनिक सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर संयोजन और जांच केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह विकास भारत की ज़बरदस्त इलेक्ट्रॉनिक्स का अगला कदम है, जिसने देश को पहले ही दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फ़ोन निर्माता बना दिया है। प्रधानमंत्री ने इसे 'विकसित भारत' की रूपरेखा और मेक इन इंडिया का दूसरा कदम बताया।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक भारत में पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र चालू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि साणंद संयंत्र में निर्मित चिप्स का उपयोग कारों, स्कूटरों और कई तरह के औद्योगिक कार्यों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र में निर्मित चिप्स जापान, अमरीका और यूरोप भेजी जाएंगी।

---

**मुख्यमंत्री शिलान्यास**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शिवपुरी में अडानी समूह द्वारा स्थापित किए जा रहे लगभग 2 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत वाले अत्याधुनिक रक्षा संयंत्र

का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियान के औद्योगिक विकास के विज़न को नई गति मिलने की आशा है। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, कि रक्षा क्षेत्र के संयंत्र से इस इलाके में विकास को गति मिलेगी।

---

**राजनाथ रक्षा निर्यात**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश का रक्षा निर्यात 38 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। नई दिल्ली में एक निजी कार्यक्रम में श्री सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में यह एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा है, जो 2014-15 की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि वृद्धि रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति और 'मेक इन इंडिया' रक्षा प्लेटफार्म पर बढ़ते वैश्विक विश्वास को रेखांकित करती है।

---

**चुनाव आयुक्त**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कल इंदौर में कहा कि बूथ लेवल अधिकारी, चुनाव आयोग के आधार स्तंभ होते हैं। उन्होंने इंदौर, उज्जैन, देवास, धार और खंडवा जिले के एक हजार पांच सौ से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों के साथ सीधे संवाद में कहा कि मध्य प्रदेश में चुनाव कर्मियों, बीएलओ ने मिलकर एसआइआर का काम बहुत अच्छा किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त आज ओंकारेश्वर और महेश्वर के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

---

**वीरेन्द्र कुमार- मादक पदार्थ**

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने मादक पदार्थों की मांग में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की है। यह एक व्यापक ढांचा है जिसका उद्देश्य रोकथाम, जागरूकता पैदा करना, क्षमता निर्माण, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र

कुमार ने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य जागरूकता, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण के माध्यम से मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकना है। उन्होंने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से निपटने के लिए केंद्र, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, संबंधित मंत्रालयों, नागरिक समाज और जनता से सामूहिक तथा समन्वित कार्रवाई का आह्वान किया।

---

**शिक्षक नियुक्ति**

स्कूल शिक्षा विभाग ने 5,017 नव-नियुक्त शिक्षकों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। इनमें माध्यमिक शिक्षकों  के 4 हजार 67 एवं प्राथमिक शिक्षकों के 950 पदों को नियुक्ति प्रदान की गई है। विभाग द्वारा ये नियुक्ति आदेश 3 एवं 4 जुलाई को जारी किए गए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी नव-नियुक्त शिक्षकों से अपेक्षा की है कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेंगे।

---

**दिव्यांगजन योजना**

मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है। सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को शिक्षा, तकनीक और गतिशीलता से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के मार्ग को सरल और सुलभ बनाएगी। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने तथा जिला अधिकारियों को योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

---

**मौसम**

प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हो गया है। नदियां और नाले उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का जिला मुख्यालय

से संपर्क टूट गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। बड़वानी और खरगोन जिले सबसे अधिक प्रभावित रह सकते हैं, जहां रेड अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने इंदौर और जबलपुर संभाग के जिलों में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं देवास, सीहोर सहित 13 जिलों में भारी वर्षा होने का अनुमान है।

---

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने **मैहर** जिले के रामनगर ब्लॉक में रीवा-बाणसागर और सीधी-बाणसागर मल्टी विलेज जल प्रदाय योजना के कार्यों का जमीनी निरीक्षण किया।

2- जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट इंदौर के सांवेर में ₹27 करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कॉलेज भवन के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। वहीं **इंदौर** में कल 'युवा संगम' रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

3- **डिंडोरी** के बरगांव में आज सुबह 10 बजे से विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

4- **खंडवा** स्थित ओंकारेश्वर के प्रसिद्ध ममलेश्वर मंदिर में विकास कार्यों की तैयारी तेज हो गई है। मंदिर प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

5- **आगरमालवा** के सुसनेर में 'सेफ क्लिक-2.0' अभियान के तहत विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को साइबर अपराधों से बचने के तरीके सिखाए।

6- **झाबुआ** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आयुष्मान भारत, सिकल सेल और टीबी उन्मूलन के लक्ष्य तय समय में पूरे करने के निर्देश दिए गए।

---